हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–234 : जौनपुर, सोमवार 22 मई 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## लोककल्याण का आधार है सनातन धर्म : आगे बढ़ने की देता है प्रेरणा –सीएम योगी

महराजगंज ब्यूरो : सृष्टि और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का भाव सनातन धर्म–संस्कृति की पहली विशेषता है। सनातन संस्कृति हमें कृतज्ञता का भाव सिखाता हैं, जो हमें निरंतर आगे बढ़ने की नई प्रेरणा प्रदान करता है। यह बातें मुख्यमंत्री गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जिले के प्राचीन गुरु गोरखनाथ मंदिर चौक परिसर स्थित शिव मंदिर के जीर्णोद्धार एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मलित होने के उपरांत लोगों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि लोककल्याण ही धर्म का आधार है, धर्म हमें लोककल्याण को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती हैं। कहा कि हनुमान जी जब लंका में जा रहे थे तब पर्वत ने उनसे प्रश्न किया था कि सनातन धर्म की परिभाषा क्या है? उन्होंने जवाब दिया था कि कोई आप पर कृपा करे तो उसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना ही सनातन धर्म का कर्तव्य है। यही इसका पहला लक्षण भी है। हर सनातन धर्मावलंबी इस भाव को ठीक से समझता है। उन्होंने कहा कि जीवन चक्र जड़–चेतन के बेहतर समन्वय से चलता है। यही कारण है कि हमारे सनातन धर्म ने वनस्पतियों, जीव–जंतुओं के महत्व को समान रूप से स्वीकार किया है। सीएम ने कहा कि चेतन जगत के प्रति हमारी श्रद्धा हमारी पहचान हैं और यही सनातन का आधार भी हैं, लोक कल्याण से जुड़ी हर क्रम सनातन का



अंग हैं। दुनिया में तमाम धर्म, संस्कृति और पंथ आये और समाप्त हो गए, आगे भी तमाम आएंगे और जाएंगे लेकिन चीर सनातन धर्म आज भी उसी अवस्था में जीवंत हैं तो इसका एक मात्र कारण लोककल्याण की अवधारणा हैं, जो हमें सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया और वसुधैव कुटुम्बकम् की धारणा प्रदान करती हैं। इस अवसर पर कथावाचक बालक दास महराज, संतोष दास महराज, रविन्द्र दास, त्यागीनाथ उर्फ फलहारी बाबा, केन्द्रीय मंत्री पंकज चौधरी, विधायक जयमंगल कन्नौजिया, प्रेम सागर पटेल, ज्ञानेन्द्र सिंह, ऋषि त्रिपाठी आदि मौजूद रहें।

## नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है –राकेश त्रिवेदी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी की रविवार को सीहीपुर स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर जिला कार्यसमिति की बैठक जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के माध्यम से पार्टी पदाधिकारियों को संगठनात्मक रूप से प्रशिक्षित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने उद्बोधन दिया। इस उद्बोधन में सरकार के कामकाज, संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं जिलाध्यक्ष द्वारा डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से राष्ट्र गीत बंदे मातरम का गायन किया गया। जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने संगठन एवं सरकार द्वारा गरीब कल्याण सेवा कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा का संगठन व सरकार राष्ट्र के निर्माण के लिए कार्य कर रही है। 2014 से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। संगठन एवं सरकार के समन्वय से ही अंत्योदय के लक्ष्य को प्राप्त किया जा रहा है। भाजपा का कार्यकर्ता प्रदेश एवं केंद्र सरकार की रीतियों नीतियों एवं जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी आम जनमानस तक पहुंचाते हैं। भाजपा की डबल इंजन सरकार सुशासन की नीतियों पर आधारित है। राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि भाजपा कैडर आधारित संगठन है। जिसकी विचारधारा राष्ट्रवादी है। भाजपा के लिए नेशन फर्स्ट जबकि विपक्ष के लिए फैमिली फर्स्ट है। भाजपा को देश की विरासत पर गर्व है जिसके चलते देश व प्रदेश समृद्धि की ओर अग्रसर है, मोदी है तो मुमकिन है अब वैश्विक मंत्र बन गया है। केंद्र में ही नहीं बल्कि देश के विभिन्न राज्यों में भाजपा एवं उसके गठबंधन की सरकारें हैं। लोकसभा जौनपुर के प्रभारी बृजेन्द्र राय ने कहा कि भाजपा का संगठन एक परिवार के रूप में कार्य करता है। भाजपा का संगठन बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर पर कार्य करता है। भाजपा की स्थापना सुशासन एवं राष्ट्र निर्माण के लिए की गई भाजपा विचारधारा वाली पार्टी है। सुशासन एवं विचारधारा को लेकर चलने वाली पार्टी वर्तमान में विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन में विद्यमान हो चुकी है। प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने कार्यकर्ताओं



को संबोधित करते हुये कहा जन कल्याण और राष्ट्र निर्माण के प्रति विगत नव वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने लक्ष्य आधारित जो कार्य किया है। उससे देश आज प्रगति और सम्मान के साथ–साथ जीवन समृद्धि के प्रत्येक क्षेत्र मे लगातार तीव्र गति से आगे बढ़ा है। प्रदेश मे भाजपा ने पांच वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर 2022 के चुनाव मे संगठन और कार्यकर्ताओं के प्रयास से एक बार पुनः पूर्ण बहूमत की सरकार बनी है। बैठक को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि पार्टी को और मजबूत करने के लिए हम लोगो को मिलकर और चिंतन करना होगा और इसी चिंतन के कारण ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। मोदी जी के शासन काल ने देश के लोगों में एक विश्वास जगाया है कि मोदी हैं, तो मुमकिन है, देश झुकेगा नहीं। बैठक को एमएलसी बृजेश सिंह प्रिन्सु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के स्वर्णिम नौ साल पूरे हो गये हैं और ये नौ साल देश के लिए बेमिसाल रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार के इस उपलब्धि को पर्चा के माध्यम से घर–घर पहुंचाने का आह्वान किया। समापन सत्र में जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने आये हुये अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का धन्यवाद देते हुये कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार गरीब कल्याण के लिए कार्य कर रही है। पिछली सरकारों ने भारत की छवि को धूमिल करने का कार्य किया, लेकिन नरेंद्र मोदी के कुशल एवं प्रभावी नेतृत्व ने विश्व में भारत की छवि को मजबूत करने का कार्य किया है। भारत अब विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की सीमाएं सुरक्षित हुई है। उन्होंने आगे कहा की क्षेत्र से जो महासम्पर्क अभियान के लिये निर्देश मिला है उसको हम सब कार्यकर्ता मिलकर कार्य करेंगे। पार्टी आगे बढ़े और सशक्त हो, इसके लिए पन्ना प्रमुख महत्वपूर्ण अंग हैं। इसी से बूथ कमेटी सशक्त होगी। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने किया।

पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट www.Desh ki upasana.com का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - dku live सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## 23 मई को पंचवटी हनुमान मंदिर पर होगा विशाल भंडारा



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमती नगर विस्तार सेक्टर 1, मखदूमपुर गोमती नगर विस्तार थाना के निकट पंचवटी हनुमान मंदिर पर 23 मई मंगलवार को सायंकाल 5:00 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य प्रबंधक श्री कौशल किशोर दास पुजारी जी ने बताया कि प्रभु इच्छा तक भंडारा चलता रहेगा।

## तीन दिवसीय योग का प्रशिक्षण आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विश्व योग दिवस की तैयारी माँ कौशिल्या सेकेंड्री स्कूल तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर व समर कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक श्याम बहादुर व प्रधानाचार्य डॉ अरविंद कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया । पतंजलि योग समिति के जिला यज्ञ प्रभारी योग गुरु डॉ० ध्रुवराज द्वारा बच्चों को योग और आज के परिवेश में योग की महत्ता पर प्रकाश डाला । योग गुरु डॉ ध्रुवराज ने बच्चों के सर्वांगीण विकास लिए उपयोगी आसन ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोण आसन, पाद हस्तासन, सर्वोंगासन, शीर्षासन, पश्चिमोतासन, ध्रुवासन, गरुड़ आसन, गौमुख आसन, मंडुक आसन, भुजंग आसन, शलभासन, धनुषासन व प्राणायाम भत्रिका, कपालभ्राती, अनुलोम– विलोम, भाम्ररी व उद्गीध प्राणायाम का अभ्यास कराया । विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अरविंद कुमार ने कहा की आज के परिवेश में योगासन का व प्राणायाम की महत्वपूर्ण भूमिका है इसलिए सभी बच्चों को प्रतिदिन योग आसन करना चाहिए !जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। विद्यालय के प्रबंधक श्री श्याम बहादुर योग के माध्यम से रोगों का नाश होता है, शरीर स्वस्थ रहता है! स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। इसलिए सभी बच्चों को योग करना चाहिए इस अवसर पर प्रबंधक निदेशक सौरभ यादव , शिव कुमार, विष्णु, सुरेंद्र कुमार, सरिता कुमारी, रीता, कनीज, आकाश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधक ने योग गुरु डॉक्टर ध्रुवराज व समस्त विद्यालय परिवार अभिभावकगण व बच्चों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## वाहन से पास लेने के विवाद में बारातियों को जमकर पीटा : पुलिस के मौजूदगी में सम्पन्न हुआ विवाह समारोह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली क्षेत्र के सरकी चौकी अंतर्गत पनिहर ग्राम सभा के दलित बस्ती में रविवार की रात वाहन से पास लेने में बाराती पक्ष एवं दबंगो में कहासुनी हो गयी। जिसके बाद दर्जनों की संख्या में आए दबंगो ने मारपीट कर पूरी बारात में दहशत फैला दी। घर में घुस कर सामान को फेंक दिया। मनबढ़ शादी न होने पर अड़ गये। जिसके बाद पूरे गांव में तनाव हो गया। सूचना के बाद सरकी चौकी प्रभारी विनोद कुमार अंचल कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर पहुंच कर आनन फानन में विवाह करा कर, पुलिस के साथ दूल्हे की गाड़ी व बारातियों को आजमगढ़ बॉर्डर तक पहुंचाया। इस दौरान गांव में दहशत का माहौल बना रहा। खुशी के माहौल में मायूस रहे घराती और बाराती। गांव के सुबास राम की बेटी की शादी 21 मई को थी। रात दस बजे बारात पंहुची तो द्वारचार लगाने की तैयारी होने लगी। बारातियों के वाहन सड़क पर ही खड़े थे। इसी दौरान गांव के कुछ मनबढ़ एक वाहन से आ गये। पास लेने पर मनबढ़ो से विवाद हो गया और मारपीट हो गयी। उस समय तो मनबढ़ वापस चले गये। कुछ देर बाद दर्जनों की संख्या में मौके पर आ गये और अपशब्दों का प्रयोग करते हुए बारातियों को लाठी डंडे से पीटने लगे। तीन वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। कन्या पक्ष के घर में घुस कर तांडव करने लगे। सामानो को इधर उधर फेंक दिया और शादी न होने की बात कहकर उपद्रव करने लगे। इस दौरान कुछ बाराती बिना खाना खाए ही खेतों के रास्ते भागने लगे। सूचना पर कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पंहुची तब तक उपद्रवी भाग निकले। पुलिस की अभिरक्षा में शादी की रस्म पूरी हुई और पुलिस ने सभी बारातियों को आजमगढ़ बॉर्डर तक ले जाकर छोड़ा। इस बाबत चौकी प्रभारी सरकी विनोद कुमार अंचल ने बताया कि विवाद के बाद बारातियों की गाड़ी भी छतिग्रस्त किया गया था, हालांकि अब किसी तरह का तनाव नही है, न ही किसी पक्ष से कोई तहरीर प्राप्त हुई है, अगर तहरीर मिलती हैं तो कार्यवाही की जाएगी।

## चोरों के लिए सबसे सुरक्षित जगह बना केराकत क्षेत्र : पिछले 15 दिनों में चार बड़ी चोरी की घटनाओं में लगभग 40 लाख से अधिक हुई चोरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली क्षेत्र में पिछले पंद्रह दिन में चोरी की चार बड़ी और आधा दर्जन छोटी घटनाएं सामने आईं, लेकिन पुलिस का रिकार्ड और काम बयां कर रहा है कि चोरी की महज चार घटनाएं हुई हैं। असल में पुलिस अब चोरी की वारदातों को गंभीरता से नहीं ले रही है। न मुकदमा दर्ज हो रहे हैं और दर्ज भी हो गए तो आरोपी पकड़े नहीं जा रहे हैं। यही वजह है कि केवल घटनाएं तेजी के साथ बढ़ रही हैं बल्कि राजफाश न होने से चोरों के हौसले भी बुलंद हैं। बढ़ते अपराध के बीच पुलिस की प्राथमिकताएं भी बदल रही हैं। चोरी पुलिस के लिए अब बड़ी घटना नहीं रही। चोरी को लेकर पुलिस अब उतनी सक्रिय नहीं है। इसीलिए उनके पास इस मामले में मुखबिर भी नहीं है। नतीजा आधी से अधिक चोरी की घटनाएं खुली ही नहीं है। बीते 15 दिन में चार बड़ी चोरी की घटनाएं हुई। 4 मई को अमहित में विवेक सिंह के घर लगभग 20 लाख की चोरी, 15 मई को सरौनी पश्चिम्पत्ति फौजी अविनाश सिंह के यहां 11 लाख की चोरी, 17 मई को तरियारी में अध्यापक अशोक पाल के यहां 3 लाख की चोरी और 20 मई को सरावा में 4 लाख की चोरी हुई है। कुल मिला कर आंकड़ा चोरी का 40 लाख के ऊपर का है। अगर आंकड़ों पर गौर करें तो यह दर्ज मामले हैं जिनमें रिपोर्ट दर्ज हुई। ऐसे बहुत से मामले हैं जिनमें मुकदमा तक दर्ज नहीं हुआ। चोरी की चारों घटनाओं में चोरी का पैटर्न सेम है चोर आते हैं और घर सोये लोगो को घर में ताला बंद करके चले जाते हैं। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी से ग्रामीणों में भय बना हुआ है, और पुलिस पर ग्रामीणों का आक्रोश साफ देखा जा रहा है। इस बाबत अपराध निरीक्षक केराकत जयप्रकाश यादव का कहना है कि प्रयास किया जा रहा है, और चोरी के मामले में किसीके शक के आधार पर कुछ नही किया जा सकता ऐसे मामलों में बरामदगी आवश्यक होती है, जैसे ही कोई लाइन मिलेगी खुलाशा कर दिया जाएगा।

## पूर्वांचल में लोक गायक कलाकारों की प्रतिभा में कोई कमी नहीं है –धनंजय सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : माँ विन्ध्यवासिनी महोत्सव का शानदार आयोजन माँ आदि गंगा गोमती के पावन तट पर आयोजक ऐक्टर सर्वेश पाण्डेय (मुंबई) और संयोजक टी सीरीज के गायक राजेन्द्र सिंह ''सुराज'' द्वारा संपन्न हुआ । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद धनंजय सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में मुंबई से पधारे पाण्डेय स्टेट के प्रमुख एडवोकेट समरनाथ पाण्डेय और गहना कोठी के अधिष्ठाता व समाजसेवी विवेक सेठ मोनू उपस्थित रहे। पूर्वांचल के विभिन्न जनपद के करीब 30 कलाकारों ने के एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी । कार्यक्रम की सफलता व भव्यता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद धनंजय सिंह महोत्सव में पहुंचकर मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर अपनी शुभकामनाएं दी। सभी कलाकारों को सराहा साथ ही कार्यक्रम मे आये कलाकारो व समाज के संजग प्रहरी पत्रकार साथियो को सम्मानित भी किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में लोक गायक कलाकारों की प्रतिभा में कोई कमी नहीं है जरूरत है ऐसे लोगों को उचित मंच व सम्मान देने की जिससे कि वे अपने जिले के साथ प्रदेश व देश का नाम रौशन कर सकें। आदि गंगा गोमती के तट पर आयोजित मां विन्ध्यवासिनी महोत्सव में जिस तरह से देश के मशहूर लोक व भक्ति गीत गायक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति मां के दरबार में पेश की वह सराहनीय है। इस तरह के आयोजन से कलाकारों में उत्साह



होता है साथ ही स्थानीय लोगों को भी अपनी पुरानी परंपरा का बोध होता है समय–समय पर इस तरह के कार्यक्रम को संस्थाओं द्वारा आयोजित किए जाने चाहिए जिससे कि लोग आज के इस चकाचौंध भरी दुनिया और तड़क–भड़क से दूर अपनी पुरानी परंपराओं भक्ति गीतों माता के भजन से लोगों को जागृत किया जाए प्राय गांव में इस तरह के आयोजन अभी देखने को मिल रहे हैं लेकिन वह शहर से विलुप्त हो रही हैं ऐसे में आयोजकों द्वारा यह महोत्सव सराहनीय कदम है। अगले वर्ष इससे बेहतर प्रोग्राम हो इसकी कामना करता हूं।इस अवसर पर समाजसेवी मुन्ना ओझा, दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष अनिल अस्थाना सचिव मोतीलाल, आचार्य रजनीकांत द्विवेदी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संघ के पूर्व अध्यक्ष हसनैन कमर दीपू व विश्व प्रकाश श्रीवास्तव ,दीपक सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन अल्फावेटज प्री स्कूल मे सभी मुख्य कार्यकारिणी के अध्यक्षों और सदस्यों के साथ संपन्न हुआ! बैठक मे तीनों समिति (स्वास्थ्य, शिक्षा, समाजसेवा) के सदस्य उपस्थित रहे, इसके अंतर्गत त्रैमासिक कार्यक्रम की रूप रेखा बनाकर कार्यो को सुचारू रूप



से आयोजित करने के लिए सभी सदस्यों ने एक कमेटी का गठन किया! कार्यक्रम में ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने ट्रस्ट की अध्यक्ष उर्वशी सिँह को समाजसेवा मे उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिल्ली में सम्मानित होने पर बुके देकर और माला पहनाकर बधाई दिया! बैठक की अध्यक्षता शिक्षा समिति के अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ज्योति श्रीवास्तव और मयंक श्रीवास्तव के नेतृत्व मे किया गया! बैठक में, ममता गुप्ता अनु स्मृति श्रीवास्तव खुशबु सिंह और कनक सिंह ने पूरे तीन महीने के किये जाने वाले कार्यो की रुपरेखा के बारे में जानकारी देकर सुचारू रूप से आयोजित करने की योजना का गठन किया! ,बैठक मे सचिव मीरा अग्रहरी ने आए हुए सभी सदस्यों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया! बैठक में मुख्य रूप से तीनों समिति के मीडिया प्रभारी दीपक श्रीवास्तव, विद्याधर राय विद्यार्थी ज्ञान चंद गुप्ता उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

इस जन्म का पैसा अगले जन्म में काम नहीं आता लेकिन पुण्य जन्मों–जन्म में काम आता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# विश्व मधुमक्खी दिवस : मधुमक्खी पालन– एक प्रकृति अनुरूप शौक

व्यवसाय के नजरिए से भी मधुमक्खी पालन की महत्ता पर ध्यान दे सकते हैं। मधुमक्खियों की कॉलोनियों की देखभाल और प्रबंधन को मधुमक्खी पालन कहते हैं। उन्हें उनके शहद और अन्य उत्पादों या उनकी सेवाओं के लिए फलों और सब्जियों के फूलों के परागणकों के रूप में या शौक के रूप में रखा जाता है।

मधुमक्खी पालन इन दिनों एक उभरता हुआ शौक है जो कई किसानों, बागबानों और पालकों को आकर्षित कर रहा है। इस विश्व मधुमक्खी दिवस पर आइए जानें मधुमक्खी पालन के विषय में और रुचि विकसित करें एक ऐसे शौक में, जो नाकि केवल हमें रोचक लगे, साथ ही साथ विश्व पर्यावरण और यहां तक की मानव कृषि भविष्य के लिए भी लाभकारी है।

व्यवसाय के नजरिए से भी मधुमक्खी पालन की महत्ता पर ध्यान दे सकते हैं। मधुमक्खियों की कॉलोनियों की देखभाल और प्रबंधन को मधुमक्खी पालन कहते हैं। उन्हें उनके शहद और अन्य उत्पादों या उनकी सेवाओं के लिए फलों और सब्जियों के फूलों के परागणकों के रूप में या शौक के रूप में रखा जाता है।

यह प्रथा काफी व्यापक है। मधुमक्खियां बड़े शहरों और गांवों में, खेतों और मैदानों पर, जंगलों और रेगिस्तानों में, आर्कटिक और अंटार्कटिक से भूमध्य रेखा तक पाई और पाली जा सकती हैं। हालांकि मधुमक्खियां पालतू नहीं होती हैं। किन्तु शहरों, या गांवों में, पेड़ों पर या मानव निर्मित घरों पर मधुमक्खी के छत्ते दिखना आम बात है।

मधुमक्खी पालन और उद्यम

मधुमक्खी के छत्ते का इस प्रकार से कई जगहों पर दिखना यह भी दिखाता है की मधुमक्खी को इंसानी बस्तियों में पाला भी जा सकता है। जंगलों से शहद का संग्रह लंबे समय से अस्तित्व में है। मधुमक्खियां फूलों के अमृत को शहद में परिवर्तित करती हैं और उन्हें छत्ते में जमा करती हैं। शहद और इसके उत्पादों के बढ़ते बाजार की संभावना के परिणामस्वरूप मधुमक्खी पालन एक व्यवहार्य उद्यम के रूप में उभर रहा है।

मधुमक्खी पालन के लिए आपको चाहिए एक हाइव, स्मोकर अथवा धुआं करने का यंत्र, कपड़ा, छुरी, पंख और माचिस। हाइव एक साधारण लंबा बॉक्स होता है जिसके शीर्ष पर कई स्लैट्स होते हैं। बॉक्स का मोटा माप लगभग 100 सेंटीमीटर लंबा, 45 सेंटीमीटर चौड़ा और 25 सेंटीमीटर ऊंचा होना चाहिए। बॉक्स 2 सेंटीमीटर मोटा होना चाहिए और 1 सेंटीमीटर चौड़ा। प्रवेश छेद के साथ छत्ते को चिपकाया जाना चाहिए। मधुमक्खियों को प्रत्येक अलग शीर्ष पट्टी के लिए आसानी से एक मधुकोष बनाने के लिए आवश्यक जगह देने के लिए 3.3 सेमी की चौड़ाई देने की आवश्यकता है।

स्मोकर अथवा धुआं करने का यंत्र आप एक टीन के डब्बे से बना सकते। मधुमक्खी के डंक से खुद को बचाने और मधुमक्खियों को नियंत्रित करने के लिए स्मोकर का इस्तेमाल किया जाता है। कपड़े की भी आवश्यकता मधुमक्खी पालन में काम के समय आंखों और नाक को मधुमक्खी के डंक से बचाने के लिए होती है। छुरी का उपयोग शीर्ष सलाखों को ढीला करने और शहद की सलाखों को काटने के लिए किया जाता है।

पालन के दौरान किन बातों का रखें ध्यान

मधुमक्षिकालय अच्छी तरह से जल निकासी वाले खुले क्षेत्र में स्थित होना चाहिए, अधिमानतः बागों के पास, अमृत, पराग और पानी के विपुल स्रोत के साथ। छत्ते में उचित तापमान बनाए रखने के लिए धूप से सुरक्षा महत्वपूर्ण है। हाइव स्टैंड के चारों ओर चींटी के कुएं बने होते हैं। बारिश और धूप से सुरक्षा के रूप में मधुमक्खियों के बक्से की दिशाओं में मामूली बदलाव के साथ, हाइव को पूर्व की ओर निर्देशित किया जाना चाहिए।

मधुमक्षिकालय को मवेशियों, अन्य जानवरों, व्यस्त सड़कों और स्ट्रीट लाइट की पहुंच से दूर रखना कारगर होगा। तैयार छत्ते में एक झुंड या एक कॉलोनी डालने से पहले, पुराने मधुकोष के टुकड़ों या कुछ मधुमक्खी के मोम को रगड़कर छत्ते की गंध से परिचित कराना फायदेमंद होगा।

यदि संभव हो तो रानी मधुमक्खी को एक प्राकृतिक झुंड से पकड़ा जा सकता है और अन्य मधुमक्खियों को आकर्षित करने के लिए छत्ते के नीचे रखा जा सकता है। कॉलोनी को स्थापित करने के लिए, आधे कप गर्म पानी में आधा कप सफेद चीनी मिलाकर छत्ते के झुंड को कुछ हफ्तों तक खिलाएं। सप्ताह में कम से कम एक बार मधुमक्खियों के छत्ते का निरीक्षण शहद के प्रवाह के मौसम के दौरान, अधिमानतः सुबह के समय करें।

मधुमक्खियों को उन हिस्सों से धूम्रपान करके शहद की कटाई करें जिन्हें काटने की जरूरत है और मधु कोष को सावधानी से काटें। कटाई सामान्य रूप से दो मुख्य फूलों के मौसमों, अर्थात् अक्टूबरध्नवंबर और फरवरी–जून के दौरान और उसके तुरंत बाद संभव होती है। एक पका हुआ मधु कोष हल्के रंग का होता है और शहद से भरा होता है।

मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने की आवश्यकता

मधुमक्खी पालन में कम समय, धन और बुनियादी ढांचे के निवेश की आवश्यकता होती है। कम कृषि मूल्य वाले क्षेत्र में मधुमक्खी पालन द्वारा शहद और मोम का उत्पादन किया जा सकता है और आमदनी का अच्छा स्रोत बन साबित हो सकता है।

मधुमक्खी पालन के सकारात्मक पारिस्थितिक परिणाम होते हैं। मधुमक्खियां कई फूलों वाले पौधों के परागण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, इस प्रकार सूरजमुखी और विभिन्न फलों जैसी कुछ फसलों की उपज में वृद्धि होती है। शहद एक स्वादिष्ट और अत्यधिक पौष्टिक भोजन है। शहद के शिकार की पारंपरिक विधि से मधुमक्खियों की कई जंगली कॉलोनियां नष्ट हो जाती हैं। मधुमक्खियों को बक्सों में पालने और घर में शहद पैदा करने से इसे रोका जा सकता है। मधुमक्खी पालन व्यक्तियों या समूहों द्वारा शुरू किया जा सकता है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# विदेशी फंडिंग वाले चार हजार से अधिक मदरसों पर होगी कानूनी कार्रवाई : पिछले साल सर्वे में 8441 मिले थे अवैध

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में अवैध रूप से चल रहे मदरसों पर सरकार ने शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। चार हजार से ज्यादा गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी है। इन मदरसों में विदेशी फंडिंग हो रही है। मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं समाप्त होने के बाद यह कार्रवाई करने की बात कही जा रही है। इस बाबत अल्पसंख्यक कल्याण विभाग अधिकारियों का पुलिस के आला अधिकारियों के साथ भी मंथन हो चुका है। प्रदेश सरकार ने पिछले साल प्रदेश में गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे कराया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में इस बाबत बैठक हुई थी। 12 बिंदुओं पर कराए गए सर्वे में एक महत्वपूर्ण बिंदु यह भी था कि मदरसों की आय का स्रोत क्या है? सर्वे में 8441 मदरसे ऐसे मिले थे जो अवैध रूप से चल रहे थे। इनकी मान्यता नहीं ली गई थी। खास तौर से उप्र–नेपाल बॉर्डर के जिलों में तो इस तरह के मदरसों का जाल मिला था। सिद्धार्थनगर में 500 से ज्यादा, बलरामपुर में 400 से ज्यादा, लखीमपुर खीरी में 200, महराजगंज में 60, बहराइच तथा श्रावस्ती में 400 से ज्यादा मदरसे गैर मान्यता प्राप्त मिले थे। हालांकि इनमें से अधिकतर मदरसा संचालकों ने यह बताया कि उनके मदरसे चंदे और जकात से चल रहे हैं पर इनमें चार हजार से ज्यादा मदरसों में विदेशी फंडिंग की बात सामने आई। दरअसल मदरसा संचालकों ने बताया कि उन्हें मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, दिल्ली , हैदराबाद सहित कई महानगरों से फंड मिलता है पर यह सामने आ रहा है कि इन शहरों के जरिए सऊदी अरब व अन्य देशों से भी यहां पैसा आता है। खास तौर से दुबई के काफी लोग यहां पैसा भेजते हैं। नेपाल व बांग्लादेश से भी पैसा आने की बात सामने आई है। इसे चंदा बताया



जा रहा है। यह चंदा सरकार के रडार पर आ गया है। साथ ही मदरसा संचालक इस चंदे के सही दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं करा पाए हैं। हालांकि सरकार मानक पूरे करने वाले मदरसों को मान्यता देने की बात भी कह रही है पर सबसे पहले उन मदरसों पर कानूनी कार्रवाई होगी जो विदेशी फंडिंग से अवैध मदरसे चला रहे हैं। इस समय मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं चल रही है जो इसी माह खत्म हो जाएंगी। उसके बाद ऐसे मदरसों पर कानूनी कार्रवाई की बात कही जा रही है। सरकार चाहती है कि अल्पसंख्यक बच्चे भी बेहतर शिक्षा ग्रहण करें। हम उन्हें आधुनिक शिक्षा देना चाहते हैं। कंप्यूटर से जोड़ रहे हैं पर अब भी काफी मदरसों में विदेशों से फंडिंग आती है। अल्पसंख्यक बच्चों की गरीबी का फायदा उठाकर उन्हें बाहर ले जाते हैं जिसके जरिए संदिग्ध गतिविधियों में बच्चों को लिप्त किया जाता है। काफी मदरसों में इस तरह की फंडिंग सामने आई है। पुलिस के उच्च अधिकारियों से भी बात हो गई है। परीक्षा के बाद ऐसे मदरसों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी – धर्मपाल सिंह, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री

# एसएसआईएम–सीआईएमटी की ई–मेल आईडी से खोले 3000 खाते : दस्तावेज मिलाने पर हुआ सनसनीखेज खुलासा

लखनऊ ब्यूरो : करीब 200 करोड़ रुपये के छात्रवृत्ति घोटाले की तफ्तीश में एक और बड़े तथ्य का खुलासा हुआ है। जिन दो ई–मेल आईडी से तीन हजार बैंक खाते खोले गए थे, वह शहर के दो संस्थानों एसएस इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (एसएसआईएम) और सेंट्रल इंस्टीटच्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (सीआईएमटी) की हैं। घोटाले में भी दोनों संस्थान शामिल हैं। हजरतगंज पुलिस ने 30 मार्च को दर्ज घोटाले की एफआईआर में कहा था कि दो ई–मेल आईडी के जरिये करीब 3 हजार बैंक खाते फिनो बैंक में खोले गए। इन खातों में छात्रवृत्ति की राशि आई। तफ्तीश में पुलिस ने नामजद संस्थानों से संबंधित दस्तावेज जुटाए। तब एक अहम तथ्य की तस्दीक हुई। बैंक खाते में इस्तेमाल ई–मेल ईडी के तथ्य का खुलासा हुआ। दर्ज की थी। इसके पहले ईडी इसकी तफ्तीश कर रही थी। ईडी ने केस दर्ज कर तीन लोगों को जेल भी भेजा था। सीआईएमटी की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक, वहां सिर्फ पीजीडीएम चलता है। इसी कोर्स में बड़ा घोटाला किया गया। इस कोर्स में 1.57 लाख रुपये प्रति छात्र छात्रवृत्ति आती थी। संस्थान ने दिव्यांग विद्यार्थियों के नाम पर छात्रवृत्ति हड़पी। एफआईआर में ओरेगॉन एजुकेशनल सोसाइटी भी नामजद है। इसका दफ्तर कुर्सी रोड पर है। सीआईएमटी इसी से संबंधित है। सूत्रों के मुताबिक, इसी सोसाइटी के तहत हाइजिया




के सभी पांच संस्थान हैं। यानी एक सोसाइटी पर पांच संस्थान संचालित किए जा रहे हैं। रिमांड पर लिए जाएंगे आरोपी ईडी जिन तीन आरोपियों को जेल भेज चुकी है, पुलिस की एफआईआर में भी ये तीनों आरोपी हैं। एसआईटी ने इनसे संबंधित कई अहम साक्ष्य संकलित कर लिए हैं। कई विभागों से पुलिस को जानकारी मिलनी है। इसलिए विवेचना लंबी चल रही है। ठोस सुबूत जुटाने के बाद एसआईटी जेल भेजे गए आरोपियों को कस्टडी रिमांड पर ले सकती है। आरोपियों के खिलाफ ईडी व एसआईटी के पास पुख्ता सुबूत हैं। एसआईटी लगातार आरोपियों को नोटिस आदि देकर पूछताछ कर रही है। टेलीकॉम कंपनी से मांगी जानकारी एफआईआर में जिक्र किया गया है कि घोटाले में करीब 1200 सिम का इस्तेमाल किया गया। यह सिम फेक आईडी पर लिए गए। ये प्री–एक्टिवेटेड सिम थे। एसआईटी ने इन सिम के बारे में संबंधित टेलीकॉम कंपनी से जानकारी मांगी है। टेलीकॉम कंपनी के एजेंट भी रडार पर हैं।

## मददगार बनी सुरक्षा समितियां तो दबोचे गए तस्कर : विदेशी नागरिक भी गिरफ्तार

गोरखपुर ब्यूरो : नेपाल बॉर्डर पर पंगडंडियों की सुरक्षा के लिए गठित समितियां सक्रिय हुईं तो बड़ा गांजा तस्कर पकड़ा गया। वहीं, एक गांव में छिपकर रह रहा बंगलादेशी नागरिक भी दबोचा गया। इसी तरह से पुलिस और एसएसबी के पास कई गोपनीय सूचनाएं आने लगीं हैं। नेपाल बॉर्डर पर 300 से अधिक पगडंडियां हैं, जिसकी सुरक्षा के लिए अब तक 980 ग्राम सुरक्षा समितियां गठित की जा चुकी हैं। इसकी मानीटरिंग खुद एडीजी अखिल कुमार करते हैं। जानकारी के मुताबिक, नेपाल बॉर्डर की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ग्राम सुरक्षा समितियों के साथ ही आम नागरिकों की भी मदद ली जा रही है। प्रदेश सरकार के आदेश पर पुलिस नेपाल से सटे सात जिलों में ग्राम सुरक्षा समितियों का गठन कर चुकी है। एडीजी ने पुलिस अफसरों के साथ बैठक कर आम लोगों की मदद मांगने की रणनीति पर काम किया तो इसका असर आने लगा है। हर गांव में 10 लोगों की टोली तैयार की गई है, जो हर गलत गतिविधि की जानकारी पुलिस तक पहुंचाने लगी। पुलिस उनसे लगातार संपर्क में है। एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार ने इसे कवच नाम दिया है। दरअसल, एडीजी जोन को इसका नोडल अधिकारी बनाया गया है। ग्राम सुरक्षा समिति में भूतपूर्व सैनिक या सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। उत्तर प्रदेश के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिले से नेपाल की 570 किलोमीटर सीमा लगी है। दोनों देश में आने जाने के लिए सोनौली, खूंनवा, रुपईडीहा के अलावा 300 से अधिक पगडंडियां हैं, जिससे होकर लोग आते–जाते हैं। इन रास्तों से देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त लोगों के घुसपैठ करने व तस्करी की संभावना बनी रहती है। इसे देखते हुए ग्राम सुरक्षा समिति और अब आम लोगों की मदद ली जा रही है। हर छोटी बड़ी आपराधिक घटना की जानकारी देना इनकी जिम्मेदारी होगी।

# एकला बांध पर शुरू हुआ कूड़ा निस्तारण

गोरखपुर ब्यूरो : राप्ती नदी के पास एकला बंधे पर कूड़े के निस्तारण की प्रक्रिया रविवार को शुरू हुई। बिजली कनेक्शन देर से मिलने की वजह से पहले दिन जेनरेटर चलाकर मशीन का ट्रायल किया गया। मशीन में कूड़ा डाला जा रहा है, तो इससे पॉलिथीन, मिट्टी, कपड़े और ईंट–पत्थर अलग– अलग जगह पर इकट्ठा हो रहे हैं। नगर निगम ने कूड़ा का निस्तारण करने के लिए दिल्ली की एक कंपनी को ठेका दिया था। यह कंपनी 386 रुपये प्रति टन की दर से कूड़ा का निपटारा करेगी। इसके लिए दो मशीनें लगाई गई हैं। इससे दो शिफ्टों में 16 घंटे कूड़ा निस्तारित होगा। रविवार को कंपनी के कर्मचारियों ने मशीन का ट्रायल शुरू किया। पहले दिन बिजली कनेक्शन विलंब से मिलने की वजह से कार्यदायी संस्था ने जेनरेटर चलाकर काम शुरू किया। मशीन से एक घंटे में 50 टन कूड़ा निस्तारित होगा। मशीन को चलाने के लिए चार ऑपरेटर तैनात किए गए हैं। तीन पोकलेन मशीनें नीचे दबा कूड़ा निकालकर मशीन तक पहुंचाएंगी। कूड़ा की तौल करने के लिए पहले ही सौ टन का धर्मकांटा लगाया गया था। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने बताया कि अब एकला बांध पर कूड़ा निस्तारण होगा। रविवार को मशीन चलाकर निजी कंपनी के कर्मचारियों ने काम शुरू किया।

# वाणिज्य बंधु की बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापारियों को आग आपदा प्रबंधन हेतु किया जागरूक

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कलेक्ट्रेट स्थित एन आई सी के सभागार में वाणिज्य बंधु की बैठक जिला अधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिसमें राजधानी के विभिन्न व्यापारिक संगठन शामिल हुए। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में राजधानी के विभिन्न बाजारों के पदाधिकारियों ने वाणिज्य बंधु की बैठक में शिरकत की। बैठक में आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भूतनाथ मार्केट एवं लोहिया मार्केट गोमती नगर में अवैध अतिक्रमण पुनः हो जाने की शिकायत की तथा जिलाधिकारी को लिखित पत्र सौंपा। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने वाणिज्य बंधु की बैठक में व्यापारियों को आपदा प्रबंधन के गुर भी सिखाए तथा आग से बचाव हेतु जागरूक किया। तथा बाजारों में स्वतः स्वच्छता अभियान चलाने हेतु प्रेरित किया बैठक में व्यापारियों ने जिलाधिकारी महोदय से साप्ताहिक बंदी के दिन बाजारों की विशेष सफाई करवाने की मांग की वाणिज्य बंधु




की बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ,कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल ,नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ साकेत चतुर्वेदी ,श्याम सुंदर अग्रवाल, विवेक श्रीवास्तव, नगर महामंत्री मोहित कपूर, ट्रांस गोमती वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश अवस्थी, भूतनाथ आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष कमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष सौरभ अरोड़ा सहित विभिन्न बाजारों के पदाधिकारी शामिल थे।

# नवनिर्वाचित पार्षद संजय सिंह राठौर का अभिनन्दन तथा पार्षद द्वारा नागरिकों का आभार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ – नगर निगम चुनाव में राजीव गांधी प्रथम वार्ड से लोकप्रिय एवं कर्मठ माननीय पार्षद संजय सिंह राठौर पुनः भारी मतों से निर्वाचित होने पर गोमतीनगर विवेक खण्ड 3–4 जनकल्याण समिति द्वारा अभिनन्दन विवेक खण्ड 4, गोमतीनगर स्थित अभिषेक मेमोरियल पार्क में किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष इं. वी. के. मिश्र ने माला पहनाकर स्वागत किया तथा बोलते हुए कहा कि संजय सिंह राठौर की विजय सभी नागरिकों की विजय है। इस अवसर पर ए. के. खण्डेलवाल, सुब्रत रॉय, वी. के. पाण्डेय, डॉ. जे. पी. मिश्र, एस. के. श्रीवास्तव, आलोक मिश्र, के. आर. गुप्ता, एस. के. मुखर्जी, अमित श्रीवास्तव, पी. एस. चौहान, पी. के. श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में अन्य नागरिकों ने नवनिर्वाचित पार्षद को माला पहनाकर स्वागत किया तथा उनकी कर्मठता, जनता के प्रति समर्पण की प्रशंसा की। संजय सिंह राठौर



ने विवेक खण्ड 3 व 4 के नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह क्षेत्र की समस्याओं के निवारण हेतु सदैव तत्पर रहेंगे तथा नागरिकों के लिए सदैव उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर राठौर ने उपस्थित सभी लोगों को माला पहनाकर कर आभार भी व्यक्त किया। नवनिर्वाचित पार्षद के अभिनन्दन में भारी संख्या में विवेक खण्ड 3 व 4 के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।


# दोगुना हो सकती हैं गृहकर की दरें : इसके साथ ही जल कर भी बढ़ाया जाएगा

लखनऊ ब्यूरो : राजधानी लखनऊ में गृहकर की दरें दोगुना तक बढ़ सकती हैं। इसका असर छह लाख भवन स्वामियों पर पड़ेगा। गृहकर बढ़ने के साथ ही जलकर भी बढ़ जाएगा। बढ़े जलकर का असर चार लाख भवन स्वामियों पर होगा। राजधानी में 13 साल से गृहकर की दरें नहीं परिवर्तित हुई हैं। मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने नगर निगम की ''आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपइया'' वाली स्थिति को देखते हुए उसे अपनी आय बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गृहकर की दरें भी बढ़ाने को कहा है, ताकि निगम आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बन सके। उल्लेखनीय है कि निगम की आय में गृहकर का हिस्सा 70 से 80 प्रतिशत तक होता है। नगर निगम अधिनियम में हर दो साल पर इसकी दरें पुनरीक्षित करने का प्रावधान है। अभी 2010 की दरों पर गृहकर वसूला जा रहा है। टैक्स की दरें पांच साल पहले ही तय, सियासी नफा नुकसान के चक्कर में लागू नहीं हो पाईं टैक्स की नई दरों पर आपत्ति सुझाव की प्रक्रिया करीब पांच साल पहले पूरी की जा चुकी है। पर, राजनीतिक दबाव और चुनावी नफा–नुकसान के चक्कर में नगर निगम सदन ने उसे लागू नहीं होने दिया। ऐसे में आय से अधिक खर्च के कारण निगम करीब 300 करोड़ रुपये के कर्ज में है। गृहकर बढ़ते ही बढ़ जाएगा जलकर जलकल विभाग जलकर की गणना गृहकर के आधार पर करता है। हाउस टैक्स के लिए जो एनुअल रेंटल वैल्यू ( एआरवी) निकाली जाती है, उसी पर विभाग 12.5 प्रतिशत की दर से वाटर टैक्स लेता है। ऐसे में जब गृहकर बढ़ेगा तो वाटर टैक्स भी खुद–ब–खुद बढ़ जाएगा। अभी शहर में चार लाख वॉटर कनेक्शन हैं। ऐसे होती है



गृहकर की गणना नगर निगम में हाउस टैक्स निर्धारण के लिए इलाके के हिसाब से दरें तय हैं। यह दरें प्रति वर्ग फीट के हिसाब से होती हैं। मकान के क्षेत्रफल को संबंधित इलाके की दर को 12 महीने से गुणा कर देते हैं। इस तरह जो परिणाम आता है वह उस मकान का वार्षिक किराया मूल्यांकन (एआरवी) हो जाता है। जो वार्षिक किराया मूल्यांकन संपत्ति का बनता है, उसका 15 प्रतिशत हाउस टैक्स होता है। टैक्स की गणना में बालकनी, किचन, बाथरूम, कॉरिडोर, स्टोर, पोर्टिको के क्षेत्रफल में तय छूट भी दी जाती है। मकान पुराना होता है तो उसमें भी एआरवी में तय छूट दी जाती है। इलाके के हिसाब से तय होती हैं गृहकर की दरें गृहकर की दरें इलाके के हिसाब से तय की जाती हैं। यदि किसी का मकान विकसित इलाके हजरतगंज में है, तो वहां गृहकर की दर अधिक होगी। किसी का घर तेलीबाग, फैजुल्लागंज या शहीद भगत सिंह वार्ड की कॉलोनी में भले ही उतनी ही चौड़ी रोड पर हो, उसकी गृहकर दर कम होगी।

## गोरखपुर छात्रसंघ चौराहे पर नर्सिंग होम में तोड़फोड़ : केस दर्ज




गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर शहर में कैंट इलाके के छात्रसंघ चौराहे पर स्थित मानसी हॉस्पिटल में रविवार को तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि मरीज के भर्ती होने के बावजूद डॉक्टर एलबी गुप्ता अपने दो साथियों के साथ आए और फिर तोड़फोड़ कर धमकी दी। कैंट पुलिस तहरीर के आधार पर डॉक्टर एलबी गुप्ता, अनिरुद्ध यादव सहित तीन लोगों के खिलाफ मारपीट, धमकी व तोड़फोड़ की धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, मानसी हॉस्पिटल के मालिक डॉ. पंकज दीक्षित ने दिए तहरीर में लिखा है कि किराए के मकान में वह नर्सिंग होम चलाते हैं। उसे डॉ. एनबी गुप्ता ने 2028 तक करारनामा करके किराए पर दिया है। बाद में उन्होंने खाली करने के लिए नोटिस दिया। इस पर मैंने अपने अधिवक्ता की तरफ से जवाब भी दे दिया। वह खुद भी उस भवन के मालिक नहीं है। शनिवार सुबह दस बजे के करीब डॉक्टर अपने दो साथियों के साथ आए और मरीज के होते हुए ही भी तोड़फोड़ करने लगे। सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और यथास्थिति बरकरार करा दी। प्रभारी निरीक्षक रणधीर मिश्रा ने बताया कि पुलिस तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मानसी नर्सिंग होम डॉ. पंकज दीक्षित ने कहा कि नर्सिंग होम में डॉक्टर ने अपने साथियों के साथ आकर तोड़फोड़ की है। कैंट थाने में मैंने केस दर्ज कराया है। पुलिस ने काफी मदद की है।

# टीडीएमसी स्कूल में समर कैंप का हुआ आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : टीडीएमसी सीनियर सेकेंडरी स्कूल जौनपुर में तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। भव्य रूप से सजाए गए क्लास रूम में बच्चों ने अनेक प्रकार की प्रतियोगिताएं— जैसे टीडीएमसी स्विमिंग पूल, क्रैब रेस, रिंग बैलेंस रेस, रिंग थ्रो गेम, स्पून एंड बाल रेस, फैशन शो, जंप इन द राइट डायरेक्शन, डांस तथा अन्य कार्यक्रमों में भाग लिया। समर कैंप में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं से बच्चों के अंदर खेल भावना के साथ–साथ शिक्षा के प्रति रुझान भी पैदा हुआ। आज बच्चों के मन में एक नई सोच पैदा हुई कि अगर हम स्कूल में ना होते तो हमें विभिन्न प्रकार की एक्टिविटी में भाग लेने का अवसर न मिलता। इन कार्यक्रमों के द्वारा बच्चों का स्कूल से लगाव भी बढ़ता है। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों के अंदर खेल भावना, आपसी सौहार्द, भाईचारा, शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लगाव, एक साथ मिलकर काम करने की प्रवृत्ति, आत्मविश्वास आदि का विकास होता है। इन्हीं बिंदुओं को ध्यान में रखकर गर्मी की छुट्टियों के पहले "समर कैंप" का आयोजन स्कूल के बच्चों को तीन ग्रुप में बांट कर किया गया। मुख्य अतिथि टीडीएमसी स्कूल के चेयरमैन डॉ०(कैप्टन) इन्दजीत सिंह के द्वारा प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को क्रमशः गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल एवं ब्रांच मेडल तथा विभिन्न



प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को गिफ्ट प्रदान किया गया। आपने बच्चों को भविष्य में आने वाली प्रतिस्पर्धा के बारे में भी जागृत किया। समर कैंप का उद्घाटन श्री चंद्रधर शुक्ल (प्रधानाचार्य) व समापन वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद इकराम अंसारी अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रमों का चयन तथा व्यवस्था स्कूल के प्रबंधक दिलीप सिंह के द्वारा एवं कार्यक्रम का सफल व ओजपूर्ण संचालन स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती अर्चना सिंह के द्वारा किया गया। टीडीएमसी स्कूल की समस्त शिक्षिकाएं, शिक्षक, डांस टीचर तथा अन्य कर्मचारियों का इस कार्यक्रम को कराने में विशेष योगदान रहा।

# प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का होता है बहुमुखी विकास –कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार सोमवार को एमबीए के छात्र उद्देश्य सिंह को संसद के केंद्रीय कक्ष में नोबेल पुरस्कार विजेता रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर भाषण देने के लिए और मीरपुर विकास क्षेत्र के धर्मापुर के प्रधानाध्यापक मुकेश सिंह को बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि विश्वविद्यालय मेधावी छात्रों को अनेक सांस्कृतिक,साहित्यिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने में प्रोत्साहित करता है। पढ़ाई लिखाई के साथ–साथ ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का बहुमुखी विकास होता है। उन्होंने कहा कि उद्देश्य सिंह विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। कुलपति ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गुरुदेव रबिन्द्रनाथ टैगोर जयंती पर लोक सभा सचिवालय एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पूरे भारत के विश्वविद्यालयों के छात्रों का भाषण प्रतियोगिता आयोजन किया गया था। उद्देश्य सिंह को भारत के पचहत्तर विश्वविद्यालयों से सैकड़ों छात्रों में से सर्वश्रेष्ठ आठ छात्रों को भारतीय संसद के केंद्रीय कक्ष में भाषण देने के लिए चयनित किया गया था। इसमें वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश से एक मात्र विश्वविद्यालय रहा। दूसरी ओर प्राथमिक विद्यालय मीरपुर विकास क्षेत्र धर्मापुर जौनपुर के प्रधानाध्यापक मुकेश सिंह को बेसिक शिक्षा के विभिन्न मापदंडों पर लगातार उत्कृष्ट कार्य करने



हेतु सम्मानित किया। उन्हें सम्मान पत्र देते हुए कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य ने कहा कि प्राथमिक स्तर से ही बच्चों को मूल्यपरक शिक्षा देकर उन्हें नैतिक, सदाचारी एवं संस्कारवान मानव बनाना ही शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने इस विद्यालय में संचालित बाल वाटिका की प्रशंसा करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया॰ उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश सिंह ने कहा कि 402 बच्चों के साथ प्राथमिक विद्यालय मीरपुर उन चुनिंदा विद्यालयों में शामिल है जिसमें विगत 03 सत्रों से निरंतर 100 से अधिक नवीन नामांकन , शत–प्रतिशत आधार सत्यापन एवं 98: डीबीटी किया है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व एन एस एस समन्वयक प्रो. राकेश यादव ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, नारायण सिंह, अमृतलाल, बबिता सिंह, प्रो.अजय द्विवेदी, प्रो.मुराद अली, प्रो.संदीप सिंह, डॉ.संजीव गंगवार, दीप प्रकाश सिंह , रजनीश सिंह , एन एन एस समन्वयक डॉ राज बहादुर यादव,डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्या, डॉ अवधेश मौर्य, मोहदम्मद सहाबुद्दीन, समरीन तबस्सुम, सुनील कुमार मौर्या,दिव्यांशु सिंह, रक्षित प्रताप सिंह, अरुण कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

# अनामिका हत्याकांडः 15 मई से ही धावा बोलने की फिराक में थे कातिल : वेब सीरीज देखकर बनाया था प्लान : साइको किलर

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ में एफसीआई अफसर की पत्नी अनामिका सिंह (35) हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने एक आरोपी नौकर को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि मुख्य आरोपी वीरेंद्र को रविवार को गिरफ्तार किया। मुख्य आरोपी की निशानदेही पर इंदिरानगर के पास से चाकू, मास्क और टोपी बरामद कर ली है। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। मूलरूप से बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी आदर्श कुमार एफसीआई मुख्यालय में एजी– ।। (टेक) के पद पर कार्यरत हैं। वह छोटा भरवारा में पत्नी अनामिका (मूलरूप से बलिया निवासी) व डेढ़ साल की बेटी के साथ रहते हैं। मकान की तीसरी मंजिल पर नौकर अर्जुन सोनी परिवार के साथ रहता है। शुक्रवार सुबह आदर्श दफ्तर चले गए थे। दोपहर को अनामिका का घर में ही कत्ल कर दिया गया था। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। एडीसीपी पूर्वी सैयद अली अब्बास ने बताया कि आरोपी नौकर ने वीरेंद्र कुमार यादव के साथ मिलकर आदर्श के घर में लूट करने की साजिश रची थी। साजिश के तहत वीरेंद्र वहां पहुंचा था। घर में लूटपाट की पर अनामिका उससे भिड़ गई थीं। अनामिका के शोर मचाने पर वीरेंद्र चाकू से वार कर भाग निकला था। पुलिस ने आरोपी अर्जुन और वीरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। 15 मई से धावा बोलने की फिराक में थे, चिनहट से खरीदा था चाकू पूछताछ में बताया कि अर्जुन और वीरेंद्र ने करीब एक महीने पहले साजिश रची थी, जिसके बाद दोनों ने चिनहट में स्थित एक दुकान से चाकू खरीदा था। वीरेंद्र ने निशांतगंज से फर्जी आईडी बनवाई थी। पुलिस की पूछताछ में वीरेंद्र ने बताया कि 15 मई से लगातार दोनों वारदात अंजाम देने की फिराक में थे, लेकिन मौका नहीं मिल पा रहा था। तोड़ दिया सिम, फिर भी फंस गया वीरेंद्र ने जिस नंबर से अनामिका को मैसेज भेजकर कॉल की थी, वह उसका पर्सनल नंबर था। ये नंबर वह लंबे समय से इस्तेमाल कर रहा था। वारदात के बाद ये नंबर उसने बंद कर दिया था। सिम तोड़कर फेंक दिया था। हालांकि दूसरा सिम उसने उसी मोबाइल में डाला था, जिसमें वह पहला वाला नंबर चला रहा था। इसलिए सर्विलांस टीम को उसका दूसरा नंबर पता चल गया और उसको आसानी से ट्रेस कर लिया। साइको किलर की तरह करता रहा बातचीत, फिल्मी अंदाज में की वारदात एडीसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान वीरेंद्र का अजीब रवैया सामने आया। उसको किसी तरह का अफसोस नहीं। बीच बीच में बोलता रहा कि मरना एक दिन सबको है। मुझे पैसों की जरूरत थी। या तो मैं अपनी किडनी बेचता या लूट करता। लूट करना आसान था इसलिए ऐसा किया। एक तरह से वह साइको किलर की बात बातचीत कर रहा था। उसने ये भी बताया कि कंपनी का कर्मचारी बनकर, मास्क टोपी लगाकर वहां जाने की सोच एक वेब सीरीज से आई। उसी तरह से वारदात को अंजाम दिया।

## 2024 तकं केन्द्र मे सत्ता परिवर्तन तय–राष्ट्रीय प्रवक्ता सपा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक कुमार तिवारी ने कहा कि दिल्ली का अध्यादेश लोकतंत्र को तार तार करने वाला व न्यायपालिका का अपमान है। ये अध्यादेश भाजपा की नकारात्मक राजनीति का परिणाम एवं जनादेश को नकारते हुए अस्वीकृत व अपमानित करने वाला है। इसी संदर्भ मे उन्होने कहा कि भाजपा अपनी नकारात्मक



राजनीति के दुष्परिणाम कर्नाटक मे जनता के हाथों भुगत चुकी है अब उसे अपनी करनी की सजा 2024 में उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश की जनता के हाथों भुगतना है। श्री तिवारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि 2024 चुनाव में उत्तर प्रदेश की भूमिका निर्णायक होगी एवं प्रदेश की जनता में अपनी सकारात्मक विकासवादी छवि के साथ लोकप्रिय सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी की प्रमुख भूमिका के साथ– 2024 मे केन्द्र में सत्ता परिवर्तन तय है।

# दुष्कर्म पीड़िता का कराया गर्भपात : बिना लाइसेंस के चल रहा अस्पताल सील

लखनऊ ब्यूरो : नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता का गर्भपात करने वाले अमेठी कस्बे के प्रॉमिस हॉस्पिटल को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मामला सामने आते ही रविवार को सील करा दिया। वहीं, दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर दीपक पांडेय के मुताबिक आरोपी उमर कुरैशी उर्फ गुड्डा ने नाबालिग को धमकाकर उससे दुष्कर्म किया था। उसके



गर्भवती होने की जानकारी पर आरोपी ने उसे बहाने से बुलाया। 19 मई को प्रॉमिस हॉस्पिटल में जांच कराई। इसमें चार महीने के गर्भ होने की बात सामने आई। आरोपी ने प्रॉमिस हॉस्पिटल ले जाकर गर्भपात करा दिया। किशोरी ने अपने पिता को आपबीती बताई तो उन्होंने रविवार को केस दर्ज कराया। अस्पताल का लाइसेंस नहीं, पांच गर्भवती भर्ती मिलीं सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ डॉ. अखंड प्रताप सिंह और सीएचसी अधीक्षक डॉ. विनय मिश्र गोसाईंगंज पुलिस के साथ प्रॉमिस हॉस्पिटल पहुंचे। वहां पांच गर्भवती भर्ती मिलीं। अस्पताल बिना लाइसेंस के चल रहा था। यहां गायनेकोलॉजिस्ट भी नहीं थीं। यहां भर्ती सभी गर्भवती को सरकारी अस्पताल में शिफ्ट कराया गया। खुद को डॉक्टर बताने वाली इसकी संचालक रीना पर केस दर्ज कर लिया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. विनय मिश्र के मुताबिक रीना के झोलाछाप होने का संदेह है। शुरुआती पड़ताल में नाबालिग का गर्भपात करने में भी रीना की भूमिका सामने आई है।

# किसान सम्मान निधि मे लाभार्थियों के लिए सीएससी द्वारा कैम्प का आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत सरकार द्वारा किसान के लिए विशेष किसान सम्मान निधि मे लाभार्थियों के लिए 22 मई से 10 जून तक जिले मे विशेष कैम्प लगाया जा रहा है। जिसमे लैंड सिंडिंग डाटा, आधार संसोधन डाटा, एवं जिन लाभार्थियों का सम्माननिधि का ईकेवाईसी



कम्प्लीट नही है वो लोग इस शिविर मैं पहुंचकर लाभ लें सकते हैं। जिला कृषि अधिकारी केके ने बताया की 215289 लाभार्थी हैं जिनका ईकेवाईसी डाटा पेंडिंग है, लाभार्थी प्रत्येक दिन गाँव मैं लगने वाले कैम्प मे जाकर अपने डाक्यूमेंट मे सुधार कर सकते है। कॉमन सर्विस सेंटर के जिला प्रबंधक अनुराग सिंह और प्रेम नारायण सिंह ने बताया की जिले मे न्याय पंचयात मे रोस्टर के अनुसार कैम्प लगाया जा रहा है। सीएससी जिला प्रबंधक अनुराग सिंह ने बताया की जिले के समस्त कॉमन सर्विस सेंटर संचालको को निर्देशित किया गया है की वो अपने ग्राम प्रधान एवं सचिव के सहयोग से अपने–अपने सेंटर पे भी कैम्प लगाके बनाये। जिला कृषि अधिकारी केके सिंह ने सभी लाभार्थियों से अनुरोध किया है की वह अपने गांव मे लगने वाले कैम्प मैं अवश्य पहुंचें और अपने नजदीकी जनसेवा केंद्र पे जाकर अपना ईकेवाईसी अवश्य चेक करवाले जिससे लाभ मिल सके।

# माटीकला रोजगार योजना में 10 लाख ऋण पर 2.50 लाख की सब्सिडी –यूपी सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला ग्रामोद्योग अधिकारी यू०पी० सिंह ने बताया कि उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा माटीकला संबंधी उद्योग लगाने पर मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना में 10 लाख ऋण पर 2.50 लाख की सब्सिडी मिलेगी, इसके लिए उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड/जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जौनपुर आवेदन किया जा सकता है। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से प्लास्टिक उत्पादों पर रोक लगाने तथा मिट्टी से निर्मित सामान को बढ़वा देने के लिए सरकार ऐसे उद्योग लगाने वालों को सब्सिडी दे रही है। मिट्टी के खिलौना निर्माण, घडा, सुराही, जग, कुल्हड, गिलास, कप आदि को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अधिक से अधिक माटीकला के परम्परागत, प्रशिक्षित, अनुभवी कारीगरों का स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। मिट्टी कला के विभिन्न उत्पादों के निर्माण के लिए पूंजीगत व कार्यशील पूँजी मिलाकर अधिकतम 10 लाख रूपये का ऋण राष्ट्रीयकृत बैंकों से उपलब्ध कराया जायगा, योजना के अन्तर्गत लाभार्थी को कुल लागत का पांच प्रतिशत पूँजी स्वयं अशदान के रूप में लगानी होगी। शेष पूँजीगत बैंक ऋण पर लाभार्थियों को 25 प्रतिशत एक मुश्त अनुदान राशि राज्य सरकार से मिलेगी। अतः इच्छुक ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के अभ्यर्थी 15 जून 2023 तक आवेदन पत्र प्राप्त कर कार्यालय में जमा कर सकते हैं। उक्त योजना की अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग कार्यालय इण्ड0 स्टेट मातापुर जगदीशपट्टी जौनपुर में कार्यालय कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है।

# कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना के लिए 10 जून तक उपलब्ध कराए आवेदन

जौनपुर सू.वि. : कृषि उद्यमी स्वावलंबन (एग्रीजंक्शन) योजना के तहत कृषि विभाग वन स्टाप शॉप की स्थापना करेगा। इससे किसानों को एक ही स्थान पर एक ही छत के नीचे बीज, खाद, कृषि उपकरण, कृषि रसायन की सुविधा मिलेगी। कृषि से स्नातक करने वाले युवाओं को रोजगार मिलेगा साथ ही साथ किसानों को उपयोगी जानकारी की सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी। विभाग की ओर से शाप स्थापना के लिए आवेदन की मांग की गई है। उप कृषि निदेशक जय प्रकाश ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य कृषकों को मृदा परीक्षण, उर्वरक उपयोग की तकनीकी जानकारी, उच्च गुणवत्ता के बीज,जैव उर्वरक, सूक्ष्म पोषक तत्व, वर्मी कंपोस्ट, कीटनाशक,जैविक कीटनाशक इत्यादि समस्त प्रकार के कृषि निवेशों की आपूर्ति करना तथा लघु कृषि यंत्रों को किराए पर उपलब्ध कराना है। चयनित उद्यमियों को कृषि व्यवसाय की गतिविधियों के लिए बीज, खाद एवं रसायन के लाइसेंस प्राप्त करने, बैंकों से ऋण प्राप्त करने में सहायता भी दी जाएगी, इसके अलावा स्वतंत्र कृषि केंद्र व्यवसाय की स्थापना के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। योजना में कृषि स्नातक अभ्यर्थी चयनित होंगे, जिनकी उम्र 40 वर्ष से अधिक न हो। योजना की अधिकतम लागत 06 लाख रुपये होगी, जिसकी ऋण सीमा पांच लाख रुपये तथा प्रतिपूर्ति राशि एक लाख रुपये आवेदक की ओर से अभिदान किया जाएगा। चयनित उद्यमी प्रशिक्षण अवधि 13 दिन पूरी करने के उपरांत अनुमन्य अनुदान प्राप्त करेंगे। आवेदकों का चयन जनपद स्तरीय गठित समिति की ओर से किया जाएगा। जनपद के लिए कुल 58 उद्यमिता केंद्र की स्थापना किए जाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें 42 ब्लाक वार तथा 16 नगरीय क्षेत्रों में खोले जाएंगे। इछुक अभ्यर्थी उप कृषि निदेशक कार्यालय से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर 10 जून तक पॉलिटेक्निक चौराहे के निकट स्थित कृषि भवन में आवेदन कर सकते हैं।

# भारतीय जनता पार्टी जनता का विश्वास हासिल कर राष्ट्र निर्माण में बढ़ रही आगे –कमलेश मिश्र

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनता पार्टी हरदोई की जिला कार्यसमिति की बैठक जेके ग्रैंड रिजॉर्ट में संपन्न हुई जहां मुख्य अतिथि कमलेश मिश्रा अध्यक्ष अवध क्षेत्र ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के समक्ष आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तय की साथ ही इन कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए बूथ लेवल से लेकर जिला स्तर तक जिम्मेदारी तय की है। बैठक को संबोधित करते हुए अवध क्षेत्र अध्यक्ष कमलेश मिश्रा बोले कि भारत में तुष्टिकरण की राजनीति को तिलांजलि देने का काम भाजपा ने किया। इस तिलांजलि में भारतीय जनता पार्टी के पुरोधाओं की शहादत से लेकर मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सशक्त इच्छाशक्ति रही है। एक समय था जब भारतवासियों को अपने ही देश में देव दर्शन के लिए दूसरे राज्य में जाने की विशेष अनुमति लेनी पड़ती थी। यह वही जम्मू कश्मीर का राज्य था जहां दो निशान और दो विधान का राज था। इसका विरोध तत्कालीन जनसंघ के नेता श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेई ने किया। यह ऐसा काला कानून था जिसने आजादी के बाद भी भारत को बांटकर रखा था। हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्र और संस्कृति को सहेजने के लिए मुखर्जी ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। वहीं जनसंघ के दीन दयाल उपाध्याय जी भी उसी श्रेणी के दुर्लभ नेता थे। जिन्होंने जनसंघ को एक दिशा दी। भारतीय जनता पार्टी को देश धर्म और दीन हीन के जीवन को बराबरी पर लाने का ऐसा अंत्योदय दर्शन देने वाले दीन दयाल जी जैसे नेताओं का आज की पीढ़ी प्रेरणा प्राप्त हो रही है। अवध प्रांत के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज उसी दर्शन को आत्मसात कर एक एक कार्यकर्ता की मेहनत से आगे बढ़ते हुए पूरे देश में जनता का विश्वास हासिल कर राष्ट्र निर्माण में आगे बढ़ रही है। हम सब जिस पार्टी और उसके झंडे के नीचे फक्र से चल रहे है उसके कर्ज को उतारने का समय आ गया है। केंद्र में भाजपा सरकार के 9 वर्ष पर्ण होने वाले है और आगामी लोकसभा 2024 के चुनाव आने वाले है। 2014 और 2019 की बड़ी जीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लाभकारी योजनाओं का सबसे बड़ा योगदान रहा है। जिसने आम जनमानस के जीवन में बड़ा फर्क लाया है। उज्जवला, किसान सम्मान निधि, जनौषधि, आयुष्मान योजना, जननी सुरक्षा योजना, कोविड वैक्सीन, कौशल विकास, गरीब कल्याण अन्न योजना जिसमें लगभग 81.35 करोड़ लोगों को फ्री राशन देना जैसी योजनाओं ने गरीब, और वंचित वर्ग से लेकर मध्य वर्ग तक को लाभ पहुंचाया है। अब दोबारा समय आगया है जब हम सभी को घर से निकल मैदान में डटना है। सभी का साथ लेकर भारतीय जनता पार्टी के विजय पताका फहरानी है। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया कि लोकसभा के अंतर्गत 6 अर्यक्रम 01 से 20 जून तक संपन्न होने है। जिसमें जिले की दो पर जनसभा आयोजित की जाएगी। इसके बाद दूसरा कार्यक्रम प्रेस वार्ता का होगा जिसमें सांसद और प्रभारी मंत्री केंद्र सरकार की उपलब्धियों और स्थानीय विकास कार्यों पर बात




करेंगे। तीसरा कार्यक्रम प्रबुद्ध सम्मेलन 25 जून को होगा। जिसमें जिले के हर क्षेत्र के प्रमुख लोगों को जोड़ा जायेगा। इस दिन कांग्रेस काल में लगी वीभत्स अपातकाल के विषय पर चर्चा होगी। चौथा कार्यक्रम व्यापारी सम्मेलन होगा। जिसमें क्षेत्र के छोटे बड़े व्यापारियों को पार्टी से जोड़ने का कार्य किया जायेगा। पांचवा कार्यक्रम सोशल मीडिया वॉलिंटियर सम्मेलन होगा और इसमें 300 विलिंटियर शामिल होंगे। छठा कार्यक्रम विकासतीर्थ का अवलोकन का होगा। इसके क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को अवलोकन किया जायेगा। इसी तरह विधानसभा वार 4 कार्यक्रम होंगे, जो कि 01 जून से 20 जून तक होंगे। पहला वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक, दूसरा संयुक्त मोर्चा सम्मेलन, लाभार्थी सम्मेलन और 21 जून को योग दिवस। योग दिवस 486 शक्ति केंद्रों पर मनाया जायेगा। संपर्क से समर्थन कार्यक्रम पूरे जून माह तक लगातार चलता जायेगा। जिसमें क्षेत्र के हर परिवार से संपर्क किया जायेगा। बूथ स्तर पर 21 से 30 जून तक तीन कार्यक्रम संपन्न होंगे। पहला घर घर संपर्क अभियान, दूसरा 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुण्यतिथि पर प्रधानमंत्री का वर्चुअल संबोधन और तीसरा 25 जून को प्रधानमंत्री की रेडियो पर मन की बात का कार्यक्रम संपन्न होगा। कार्यसमिति के समापन सत्र का उद्बोधन करते हुए जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र ने अवधा क्षेत्र अध्यक्ष मुख्य अतिथि कमलेश मिश्र को धन्यवाद देते हुए कहा कि हम सब को एकजुट होकर पार्टी के कार्यों को सफल बनाने के लिए लगना होगा। जिला अध्यक्ष ने कहा कि एक माह के इस महासंपर्क अभियान में हमें अपना तन और मन लगा कर पार्टी के हर एक कार्यक्रम में अपनी और जनता की उपस्थिति का दायित्व पूर्ण करना है। इससे जनता का पार्टी और उसके कार्यकर्ता का एक आत्मीय संबंधा बनेगा और इसी विश्वास और संबंध की नींव पर की एक बार फिर केंद्र में पूर्ण बहुमत की भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनवानी है। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने किया। मंच पर मौजूद अतिथियों में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, सांसद जयप्रकाश रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, संजय गुप्ता अवध क्षेत्र मंत्री, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह कार्यालय मंत्री अवधा क्षेत्र डॉक्टर विमल सिंह रहे। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य अशोक बाजपेई, विधायक आशीष सिंह आशू, विधायक अलका अर्कवंशी, विधायक प्रभास, विधायक श्याम प्रकाश, विधायक रामपाल, विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल, पूर्व विधायक राजकुमार अग्रवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण शास्त्री, विद्या राम वर्मा, राम प्रकाश गुप्ता, रामबहादुर सिंह, राजीव रंजन मिश्र, सभी जिला पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी गण ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष एवं नगर पंचायत अध्यक्ष मौजूद रहें।

# मजिस्ट्रेट चेकिंग में पकड़े गये 279 बिना टिकट यात्री

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल द्वारा मण्डल रेल प्रबन्धक, आदित्य कुमार एवं अम्बर प्रताप सिंह, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक / लखनऊ के निर्देश पर सुरेश कुमार संखवार, सहायक वाणिज्य प्रबन्धक / टिकट जॉच, लखनऊ के नेतृत्व में मजिस्ट्रेट चेकिंग का आयोजन किया गया इस जाँच में गोमतीनगर में गाड़ी संख्या–15114, 15053, 20103, 22532, 15083, 15045, 15069 एवं 12531 सहित अन्य स्टेशनों पर मिलाकर दर्जनों गाड़ियों पर छापा मारा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा करते हुये 279 यात्री पकड़े गये जिनसे रेल राजस्व के रूप में रू0 185480/– का रेल राजस्व अर्जित किया गया। इस टिकट चेकिंग अभियान में जीआरपी के एसआई जैद सिद्दीकी, अनुज कुमार, आरपीएफ के एसआई राकेश सिंह सहित दर्जनों फोर्स के सिपाही व मुख्य चल टिकट




निरीक्षक/ छापादल, रितेश श्रीवास्तव, अमित गोयल, तरूण मिश्रा, साजिद जहीर, अ० वाहिद, राजेश कुमार, कृष्ण चन्द्र, अमित कनौजिया, नितिन सरकारी व श्रीमती पूजा, टीटीआई ने भाग लिया।

## अयोध्या के समस्त विकास खण्ड की वर्ष 2022–23 में मनरेगा तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रा०) के कार्यों का होगा सोशल आडिट–जिलाधिकारी

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि जनपद के समस्त विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों का वर्ष 2022–23 में मनरेगा तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रा०) के अन्तर्गत कराए गए कार्यों का शत्–प्रतिशत् सोशल आडिट जारी कैलेन्डर के अनुसार करते सम्पन्न कराया जाएगा। उक्त के सम्बन्ध में निम्नवत् आदेश पारित किया जाता है– जनपद में उपलब्ध ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर (BSAC) / ब्लाक संसाधनव्यक्ति (BRP) सोशल आडिट का कार्य टीम के सदस्यों से सम्पादित कराएगें तथा सोशल आडिट को फैसिलिटेट करने के लिए टीम के साथ बने रहेंगे। क्वैन्प्त्व से 06 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षित ठत्च को ही टीम के साथ सोशल आडिट कार्य को फैसिलिटेट करने के लिए लगाया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कोई भी ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर / ब्लाक संसाधन व्यक्ति एक ही टीम के साथ कई ग्राम पंचायतों के सोशल आडिट में न बना रहे। इसके लिए प्रत्येक टीम के साथ नामित ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर / ब्लाक संसाधन व्यक्ति को प्रत्येक सोशल आडिट के बाद बदल दिया जायेगा। विकास खण्ड में पैनल में नामित सभी टीम सदस्यों से समान रूप से सोशल आडिट का कार्य लिया जायेगा। किसी भी टीम सदस्य को स्थाई रूप से रिजर्व में नहीं रखा जाएगा। BSAC को उनके विकास खण्ड में सम्पादित की जा रही सोशल आडिट की सूचनाएं एवं प्रतिवेदनों को एकत्र कर जनपद स्तर पर उपलब्ध कराने हेतु रिजर्व में रखा जाएगा, किन्तु यदि रिजर्व में रखे गये BSAC की संख्या किसी राउण्ड में कैलेण्डर जारी किए गए विकास खण्डों की संख्या से कम है तो आवश्यकतानुसार BSAC को सोशल आडिट फैसिलिटेट करने हेतु उनकी तैनाती के विकास खण्ड से अतिरिक्त लगाया जाएगा। सोशल आडिट कैलेण्डर के अनुसार विकास खण्ड में सोशल आडिट प्रारम्भ होने से पूर्व इन्ट्री कान्फ्रेन्स का आयोजन कर सोशल आडिट के बारे में सभी स्टेक होल्डर्स को जानकारी दी जाएगी। ब्लाकसभा की तिथि जारी कैलेन्डर में निर्धारित है। ब्लाकसभा की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी द्वारा की जाएगी खण्ड विकास अधिकारी / कार्यक्रम अधिकारी बैठक का आयोजन करेंगे एवं ग्राम प्रधान सहित सभी सम्बन्धितों को बैठक में बुलाकर सोशल आडिट के दौरान प्रकाश में आई कमियों एवं अनियमितताओं पर अनिवार्य रूप से सभी पक्षों की उपस्थिति में चर्चा करके एक्शन टेकेन रिपोर्ट तैयार करने हेतु एक्शन प्वाइंट का निर्धारण किया जाएगा एवं निस्तारित किये गये प्रकरणों की एक्शन टेकेन रिपोर्ट तैयार करके सम्बन्धित पी०ओ० द्वारा नरेगा साफट पर फीड की जाएगी। सोशल आडिट में पाए गए अनियमितता के प्रकारणों में धनराशि की वसूली पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा वित्तीय विचलन प्रक्रिया उल्लंघन, शिकायत श्रेणी में पाए गए प्रकरणों के शत्–प्रतिशत् निस्तारण का प्रयास किया जाएगा जिससे ए०टी०आर० को गति मिल सके। जनपद के जिस विकास खण्ड का सोशल आडिट किये जाने हेतु कैलेण्डर जारी किया गया है यदि पूर्व के वर्षों में उस विकास खण्ड में सोशल आडिट सम्पन्न कराया गया है तो विकास खण्ड में आयोजित होने वाली सोशल आडिट ब्लाकसभा में पूर्व के वर्षों में पाई गई कमियों के ए०टी०आर० की समीक्षा की जाएगी। निर्धारित एक्शन प्वाइंट तथा निष्कर्षो को खण्ड विकास अधिकारी, सम्बन्धित ग्राम सचिव ग्राम पंचायत, जिला विकास अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, निदेशालय सोशल आडिट तथा आयुक्त ग्राम्य विकास उ0 प्र0 लखनऊ के साथ–साथ एक प्रति अधोहस्ताक्षरी को भी प्रेषित करेंगे। सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी वित्तीय वर्ष 2022–23 के कार्यों की सूचना संलग्न प्रपत्र A, B, C पर उपलब्ध कराते हुए मनरेगा कार्यों के 07 रजिस्टर तथा कराए गए कार्यों की पत्रावली एवं सम्बन्धित अभिलेखों की प्रतियों जो ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत अधिकारी एवं अन्य कार्यदायी संस्थाओं द्वारा सत्यापित होगी सोशल आडिट हेतु दिशा–निर्देशों के अनुरूप अनिवार्यतः उपलब्ध कराई जाएगी अन्यथा अभिलेख न प्राप्त होने की स्थिति में अप्राप्त अभिलेखों की धनराशि नरेगासापट पर दी गई व्यवस्थानुसार वित्तीय विचलन में दर्शायी जाएगी। साथ ही सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रा०) से सम्बन्धित अभिलेख एवं लाभार्थी सूची भी सोशल आडिट टीम को उपलब्ध कराई जाएगी। 7. सोशल आडिट टीमों की कठिनाइयों के निवारणार्थ एवं उन्हें समय–समय पर मार्गदर्शन देने हेतु जिला विकास अधिकारी के माध्यम से जिला सोशल आडिट कोऑर्डिनेटर (DSAC) पर्यवेक्षण करते हुए सुनिश्चित करेंगे कि सोशल आडिट टीमों की कठिनाइयों एवं शंकाओं का समाधान तत्परता से किया जाए। सोशल आडिट ग्रामसभा की बैठक में ग्राम प्रधान ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक एवं अन्य कार्यदायी संस्थाओं से सम्बन्धित अधिकारी / कर्मचारीगण अनिवार्य रूप से उपस्थिति होगें। सोशल आडिट ग्रामसभा का ड्राफ्ट प्रतिवेदन सोशल आडिट टीम द्वारा तैयार किया जाएगा, जिस पर ग्रामसभा की खुली बैठक में बिन्दुवार चर्चा होगी सोशल आडिट ग्रामसभा की बैठक का कार्यवृत्त ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर/ ब्लाक संसाधन व्यक्ति द्वारा लिखा जाएगा जिसकी प्रति खण्ड विकास अधिकारी तथा सम्बन्धित ग्राम प्रधान / सचिव ग्राम पंचायत को भेजी जाएगी। भारत सरकार के निर्देशानुसार सोशल आडिट में पारदर्शिता लाने हेतु फोटोग्राफी कराई जाएगी। यह फोटोग्राफी कम सेकम 03 स्तरों पर करायी जायेगी। सोशल आडिट टीम द्वारा डोर टू डोर सत्यापन के समय। सोशल आडिट टीम द्वारा कार्यों के सत्यापन के समय सोशल आडिट ग्रामसभा बैठक (जिसमें अधिक से अधिक ग्रामीणजन हो) फोटोग्राफी के लिए प्रति ग्रामसभा अनुमन्य व्यय की प्रतिपूर्ति निदेशालय द्वारा की जाएगी। सोशल आडिट सम्पन्न होने के उपरान्त सम्बन्धित BSAC/BRP द्वारा सोशल आडिट प्रतिवेदनों को भारत सरकार की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु 07 कार्य दिवसों में जिला विकास अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराया जाएगा। सोशल आडिट के उपरान्त निर्धारित प्रारूप पर सोशल आडिट के निष्कर्षो को भारत सरकार की वेबसाइट पर सोशल आडिट की ग्रामसभा की बैठक से 15 कार्य दिवसों के अन्दर जिला सोशल आडिट कोआर्डीनेटर द्वारा अपलोड किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। सोशल आडिट अपलोड किये जाने के एक माह के अन्दर कार्यक्रम अधिकारी (पी०ओ०) द्वारा ए०टी०आर० अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में सोशल आडिट कोविड–19 के बचाव हेतु समय–समय पर शासन द्वारा प्रसारित गाइडलाइन / कोविड–प्रोटोकाल का परिपालन करते हुए किया जाएगा। अस्तु सम्बन्धित को आदेशित किया जाता है, कि निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार सोशल आडिट सम्पन्न कराते हुए पाई गई कमियों पर समयबद्ध सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

# जिला न्यायाधीश ने किया राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) मॉ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ वृहद राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। मॉ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के समय सभी न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश श्री श्रीवास्तव ने कहा कि लोक अदालत की मूल भावना में समाहित है लोक कल्याण की भावना। सुलह समझौता के दौरान सभी का मान, सभी का सम्मान, सभी को न्याय मिले इसका ध्यान रखा जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में दोनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखकर आपसी सुलह–समझौते के माध्यम से वादों को निस्तारित कराया जाता है। इतिहास में दर्ज है कि सदियों पहले जब अदालतें नहीं हुआ करती थी तब दो पक्षों के आपसी मतभेद को सुलह–समझौता के माध्यम से समाज के गणमान्य व्यक्ति एक निर्धारित स्थल पर बैठकर दोनों पक्षों की बात सुनकर यह निर्णय लेते थे कि दोनों पक्षों का हित किसमें हैं। इसी को देखते हुए सुलह–समझौता कराते थे और समाज में इसके सार्थक परिणाम भी दिखाई पड़तें थे। दोनों पक्षों के मध्य आपसी क्लेश, मतभेद एवं दुर्भावना समाप्त हो जाती थी। लोक कल्याण के भावना से ओत–प्रोत उसी स्वरूप को उच्चतम न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय द्वारा विस्तार रूप देते हुए एक स्थल एक मंच पर बहुत सारे वादों को सुलह–समझौता के आधार पर समाप्त कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित कराने का निर्देश दिये जाते हैं, जिसमें दोनों पक्षों के हित के साथ सामाजिक प्रेम भावना भी समाहित हैं। उन्होंने आगे कहा कि लोग मिल–जुल कर प्रेम भावना से रहे,, जो समाज एवं राष्ट्र के हित में हैं। यदि आपसी मतभेद पनपते भी है, तो उसे शांत एव सदभाव के साथ समाप्त करने का प्रथम प्रयास दोनों पक्षों द्वारा किया जाना चाहिए। यदि प्रथम प्रयास में दोनों पक्ष सफल नहीं होते है तभी उन्हें न्यायालय के शरण जाना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि जनपद न्यायालय परिसर के अतिरिक्त क्लेक्ट्रेट एवं सभी तहसीलों में आपसी सुलह–समझौता के आधार पर वादों का निस्तारण कराया जाएगा। इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि लोक अदालत के आयोजन में आने वाले दोनों पक्षों के बैठने, शुद्ध पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था करायी गई है। लोक अदालत में आने वाले सभी व्यक्ति के सुविधा का ख्याल रखा गया है और यह प्रयास किया जा रहा है कि आज इस वृहद लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को आपसी सुलह–समझौता के माध्यम से समाप्त कराकर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्देश्य का लाभ दिलाया जा सके। उन्होंनें आगे बताया की धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एन.आई.ऐक्ट), बैंक वसूली वाद, श्रम विवाद वाद, विद्युत एंव जलवाद बिल, (अशमनीय वादों को छोड़कर) अन्य (आपराधिक शमनीय, पारिवारिक एंव अन्य व्यवहार वाद, आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एन.आई.ऐक्ट),बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाऐं, श्रम विवाद वाद, विद्युत एंव जलवाद बिल, (अशमनीय छोड़ कर), पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, सर्विस मैटर से संबंधित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, राजस्व वाद, जो जनपद न्यायालय में लम्बित हों, अन्य सिविल वाद आदि वाद निस्तारित किये गये। बृजेश कुमार सिंह, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, एवं शैलेन्द्र सिंह यादव सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय फैजाबाद के अनुसार दिनांक 21 मई 2023 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 43876 वादों को निस्तारित किया गया। बैंक रिकवरी से संबंधित 716 प्री–लिटिगेशन वाद निस्तारित किये गये तथा बैंक संबंधित ऋण मु0– 4,40,78,116/– रू0 वसूल किये गये। पारिवारिक विवाद से सम्बन्धित 65 मुकदमों को निस्तारित किया गया है, जिसमें कई पुराने वाद निस्तारित किये गये। संबंधित मजिस्ट्रेट न्यायालयों द्वारा 10495 फौजदारी वादों को एफ0आर0 के 73 वाद निस्तारित किया गया, जिसके एवज में कुल मु0 2,43,675/– रू0 अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। सिविल न्यायालय द्वारा कुल 66 मामलों का निस्तारण किया गया। राजस्व मामलों से संबन्धित 32407 वाद विभिन्न राजस्व न्यायालय द्वारा निस्तारित किये गये।

## तुलसी राजकीय महिला चिकित्सालय में शुरू होगी प्रसव सुविधा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) भाजपा नेता विशाल मिश्र डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के जरिए लगातार अयोध्या जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में जुटे हैं । बीते दिनों विशाल मिश्र ने डिप्टी सीएम को अयोध्या में महिलाओं को प्रसव सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु माँगपत्र सौंपा था जिस पर अमल करते हुए डिप्टी सीएम ने अधिकारियों को इस बाबत निर्देश दिए थे । उक्त माँग इस माह के अंत तक पूरी होने के आसार हैं तुलसी राजकीय चिकित्सालय में प्रसव सुविधा को बहाल करने के लिए अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा चुका है और इसी माह के अंत से यहाँ प्रसव सुविधा की शुरुआत भी हो जाएगी इसके लिए आवश्यक संसाधनों को जुटाया जा रहा है। गौरतलब है श्री मिश्र के माँगपत्र पर पूर्व में जिला अस्पताल ,मेडिकल कॉलेज दर्शननगर व अयोध्या के श्रीराम अस्पताल में लगातार स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतरी के लिए डॉक्टर से लेकर अन्य बुनियादी सेवाओं पर लगातार कार्य होरहे हैं। विशाल मिश्र के अनुसार श्रीराम अस्पताल में भी प्रसव सुविधा की शुरुआत हो इसके प्रयास लगातार जारी हैं।श्री मिश्र ने उक्त माँग पर जनहित में निर्णय लेने हेतु अयोध्यावासियों की तरफ से डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का आभार व्यक्त किया।

# योगी सरकार के इस आदेश से किसानों को बड़ी राहत

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) योगी सरकार के इस आदेश से किसानों को बड़ी राहत दी है। इससे संबंधित विभाग ने जिन इलाकों में पेराई के लिए गन्ना बाकी है वहां स्थित मिलों को 15 जून तक चलाने का फैसला किया है। यह जानकारी विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय भूसरेड्डी ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की 23 चीनी मिलें अभी चल रही हैं इनमें पश्चिमी उत्घ्तर प्रदेश के अलावा लखनऊ मण्डल के कई जिलों की सहकारी और निजी चीनी मिलें शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अब तक प्रदेश की चीनी मिलों में कुल 105 लाख मीट्रिक टन चीनी बन चुकी है। इसमें अगर गन्ने के जूस, बी.हैवी शीरे से एथानॉल न बनता तो फिर चीनी का उत्पादन 145 लाख मी.टन तक जाता। बताते चलें कि पिछले साल नवम्बर की शुरुआत में प्रदेश में चीनी मिलों में पेराई शुरू हुई थी। एक अनुमान के अनुसार प्रदेश में अभी भी करीब पांच से सात लाख टन गन्ना पेराई के लिए अवशेष है। अब तक 1.97 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गेहूं खरीद की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 5 हजार 568 गेहूं क्रय केंद्रों के माध्यम से 46 हजार 425 किसानों (तिउमते) से अब तक 1.97 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की गई इस खरीद के माध्यम से लगभग 375.46 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। हाल ही में खाद्य एवं रसद विभाग के आला अधिकारियों के साथ बैठक में सीएम ने किसानों के पंजीकरण एवं सत्यापन में प्रगति लाने के दिशा–निर्देश भी दिए।

# सरयू में तैरेंगे 'पुष्पक विमान' और 'कनक महल' योजना पर जून से शुरू हो जाएगा कार्य

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) शीघ्र ही राम की नगरी में श्रद्धालु सरयू की लहरों पर पर्यटक 'पुष्पक विमान' और 'कनक महल' का आनंद उठा सकेंगे।वही दुबई में क्रूज का संचालन करने वाली कंपनी रामनगरी में दो क्रूज व दो हाउस बोट का संचालन करेगी।अयोध्या क्रूज लाइंस का जल्द ही नगर निगम के साथ एमओयू भी होने जा रहा है।क्रूज को 'पुष्पक विमान' नाम दिया गया है, जबकि हाउस बोट 'कनक महल' के नाम से सरयू के लहरों पर तैरेगी।मरीन की तर्ज पर अयोध्या में क्रूज संचालन की योजना अगले माह से मूर्त रूप लेने जा रही है। क्रूज व हाउसबोट का संचालन नयाघाट से गुप्तारघाट के मध्य होगा। क्रूज में दो तल होंगे, कुल 150 लोग बैठ सकेंगे। हाउसबोट में 8 से 12 कमरे होंगे। 20 से 25 यात्रियों की क्षमता होगी। क्रूज व हाउसबोट में फाइव स्टार होटल जैसी सभी आधुनिक सुविधाएं होंगी। हर ट्रिप में 15 मिनट का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। इस संबंध में उपनिदेशक पर्यटन आरपी यादव ने बताया कि सरयू तट पर पर्यटन विभाग की जमीन अयोध्या क्रूज लाइंस को दी जाएगी। जल्द ही नगर निगम से एमओयू होने जा रहा है। अयोध्या में पर्यटन को बढ़ावा देने में यह योजना कामयाब होगी। अयोध्या की आर्थिक संपन्नता बढ़ेगी। एक क्रूज यात्री एक यात्रा के दौरान कम से कम दो हजार रुपये खर्च करेगा जिसका सीधा प्रभाव अयोध्या की आर्थिक व्यवस्था पर पड़ेगा। इसके जरिए भविष्य में इस योजना से कई लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

## बाईपास पर मकानों को बचाने के लिये एक फिर विशेष सर्वे हुआ शुरू

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) गोशाईगंज कस्बे के किनारे प्रस्तावित फोरलेन बाईपास के निर्माण से बंधे के किनारे के मकानों को बचाने की कवायद रविवार को एक बार फिर शुरू हुई। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से बंधे का सर्वे किया है।उनका कहना है कि सर्वे के आधार पर अनापत्ति हासिल करने के लिए नया प्रस्ताव भेजा जाएगा। प्रस्ताव के मुताबिक 25 मीटर बंधे की चौड़ाई में पांच मीटर में टंच का निर्माण होगा। बंधे की 20 मीटर चौड़ाई फोरलेन सड़क निर्माण के लिए जाने की बात बताई है।विदित हो कि फोरलेन बाईपास निर्माण के लिए सिंचाई विभाग के बाढ़ खंड और लोक निर्माण विभाग के बीच बंधे की चौड़ाई को लेकर चल रही रस्साकशी के बीच लगभग सात माह से कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। अब लोक निर्माण विभाग व बाढ़ खंड के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से महादेवा घाट से लेकर बाला पैकौली मार्ग तक निरीक्षण किया। इस बात का जायजा लिया कि किस प्रकार से क्षेत्र की आबादी और मकान को अधिग्रहण तथा तोड़फोड़ से बचाया जा सके।लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अभी बाढ़ खंड केवल बंधे की आधी चौड़ाई साढ़े 12 मीटर ही लोक निर्माण विभाग को देने को राजी था। अब संयुक्त सर्वे के बाद बंधे की 20 मीटर चौड़ाई विभाग को बाइपास निर्माण के लिये उपलब्ध कराने के लिये रिपोर्ट बनाकर शासन के उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि आबादी वाले क्षेत्र में एलाइनमेंट को भी बदलना पड़ेगा बताया कि पूरा बंधा पकड़ लेंगे तो जहां 50 मकाने जा रही हैं वहां 25 ही मकान जाएंगी। वैसे जिनका मकान बज रहा है वह तो खुद है लेकिन जिनका मकान नहीं बच रहा है वह परेशान नजर आ रहा है। वैसे भीटी तिराहे पर हनुमान मंदिर उत्तर की तरफ जो नाम हुआ है उसमें कोई संशोधन नहीं होना है। एनओसी मिलने के बाद नगर पंचायत के भीतर बाइपास की जद में आ रहे मकानों को बचाने के लिये सर्वे कर एलाइनमेंट में परिवर्तन किया जाएगा।

# विदुषी के गायन से सजी सांस्कृतिक संध्या

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जलालपुर क्षेत्र की क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव की निवासी युवा गायिका विदुषी वर्मा का गायन दीनदयाल हस्तकला संकुल, बड़ा लालपुर वाराणसी में कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार एवं सुबह –ए–बनारस आनंद कानन के संयुक्त तत्वाधान में 'सांस्कृतिक संध्या 'का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में काशी की प्रतिभाशाली कलाकार विदुषी वर्मा ने गायन की सुमधुर प्रस्तुति की। विदुषी द्वारा प्रस्तुति का आरंभ राग भीमपलासी में विलंबित एकताल में निबद्ध बंदिश करम करो साईं से किया।तत्पश्चात कष्ट हरण तेरो नाम राम हो, गाकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का समापन लोकप्रिय दादरा डगर बीच कैसे चलूं से किया। विदुषी का साथ सहयोगी कलाकार नित्या सेठ ने बखूबी से निभाया। विदुषी के साथ तबला पर अमित यादव एवं संवादिनी पर धनंजय कुशवाहा ने सुमधुर संगति प्रदान की। कलाकारों को प्रमाण पत्र संग्रहालय अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने प्रदान किया। इसके पूर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीनदयाल हस्तकला संकुल वाराणसी के संग्रहालय अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव एवं कलाकार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की संकल्पना और संयोजन डॉ रत्नेश वर्मा व संचालन अंजना झा ने किया।

## कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस जनों ने कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।इस अवसर पर गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने की।गोष्ठी में उपस्थित पूर्व सांसद तथा कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर निर्मल खत्री ने कहां देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने न केवल जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी की राजनीतिक विरासत को संभाला, बल्कि देश को तकनीक व वैश्विक बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए।राजीव गांधी को भारत में कंप्यूटर और दूरसंचार क्रांति लाने का क्रेडिट दिया जाता है. उन्होंने न सिर्फ कंप्यूटर को भारत के घरों तक पहुंचाने का काम किया, बल्कि भारत में इनफार्मेशन टैक्नोलॉजी को आगे ले जाने में भी अहम भूमिका निभाई।श्री खत्री ने कहा आज की विद्वेष पूर्ण राजनीति के विरुद्ध राजीव गांधी अपने विरोधियों की मदद के लिए भी हमेशा तैयार रहते थे। मालूम हो कि साल 1991 में जब राजीव गांधी की हत्या कर दी गई, तो एक पत्रकार ने भाजपा नेता अटल बिहारी वाजपेयी से संपर्क किया। उन्होंने पत्रकार को अपने घर बुलाया और कहा कि अगर वे विपक्ष के नेता के नाते उनसे राजीव गांधी के खिलाफ कुछ सुनना चाहते हैं, तो वे एक भी शब्द राजीव गांधी के खिलाफ नहीं कहेंगे, क्योंकि राजीव गांधी की मदद की वजह से ही वे जिन्दा हैं।जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा स्वर्गीय राजीव गांधी ने अपने शासनकाल में 21वीं सदी के भारत का जो सपना देखा था उसके लिए वे सदैव वे प्रयासरत रहे। उनकी पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में जाना जाता है।गोष्ठी को प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह, पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा ,महानगर अध्यक्ष वेद सिंह, कविंद्र साहनी ,शैलेंद्र मणि पांडे ,राम अभिलाष पांडे ,राम अवध पासी, राम बहादुर सिंह ,प्रमिला राजपूत, अशोक कनौजिया, प्रेम प्रकाश पांडे,पूर्व विधायक माधव प्रसाद आदि ने संबोधित किया।

## पल्स पोलियो अभियान को शत प्रतिशत बनाएं सफल – एसडीएम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर पल्स पोलियो अभियान को शत–प्रतिशत सफल बनाए जाने के लिए सोमवार को तहसील सभागार में तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम ऋषभ पुंडीर ने उपस्थित चिकित्सकों से कहा कि पल्स पोलियो की एक खुराक लोगों की जिंदगी के लिए सबसे बड़ी बूंद है। इसलिए हम सब का प्रयास होना चाहिए कि रविवार को ही निर्धारित लक्ष्य शत–प्रतिशत पूरा कर ले। बदलापुर ब्लॉक में बनाए गए 96 बूथों पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने के लिए 288 कर्मचारी लगाए गए हैं। कर्मचारियों की देखरेख के लिए इक्कीस सुपरवाइजर की तैनाती की गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ संजय दुबे ने बताया कि रविवार को पल्स पोलियो की खुराक से वंचित बच्चों को सोमवार से शुक्रवार तक यानी 28 मई से 2 जून तक कर्मचारियों द्वारा डोर टू डोर पहुंचकर पल्स पोलियो की खुराक दी जाएगी। छूटे हुए बच्चों को 5 जून को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। बैठक में अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर डॉक्टर संजय दुबे, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महाराजगंज डॉ ओंकार भारती , स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार मौर्य, सीडीपीओ सुनीता रावत, सहायक विकास अधिकारी पंचायत राम अवध तथा शिक्षा विभाग से सुभाष चंद्र गुप्ता मौजूद थे।

# अयोध्या पुलिस ने 24 ग्राम अवैध स्मैक के साथ दो नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार।जनपद अयोध्या में चलाये जा रहे विशेष अभियान अपराध एवं अपराधियों तथा अवैध मादक पदार्थ के रोकथाम में थाना कोतवाली अयोध्या के प्रभारी निरीक्षक महोदय द्वारा गठित टीम व स्वाट टीम अयोध्या के कुशल नेतृत्व में आलोक सिंह पुत्र नरेन्द्र बहादुर सिंह नि. 5/17/34/40 शांति नगर कालोनी देवकाली अयोध्या,अजीत वर्मा पुत्र स्व. श्रीराम गोबिंद वर्मा नि0 तकपूरा थाना को0 अयोध्या जनपद अयोध्या को ग्राम तकपुरा से 24 ग्रा. अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के साथ न्च 42 ।त 5333 व टीवीएस0 मोटर साईकिल UP 42 AB 2134 को अंतर्गत धारा 207 एमवीएक्ट में सीज गया तथा बरामद शुदा मोबाइल फोन को चिटबंदी कर अभियुक्तगण उपरोक्त को सम्बंधित माननीय न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से टहलने निकली महिला की मौत : एक की हालत गंभीर

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में गीडा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह टहर रही दो महिलाओं को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। इस घटना में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी महिला गंभीर रुप से घायल है। बताया जा रहा है कि अमट्टौरा निवासी कृतिलता सिंह (40) पत्नी मनोज सिंह तथा रेनू श्रीवास्तव (55) पत्नी विपिन श्रीवास्तव भोर में टहलने निकली थीं। अभी गौसपुर से पिपरौली की तरफ पुलिया के पास पहुंची थीं कि पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी। इस घटना में कृतिलता सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। साथ में टहल रही रेनू श्रीवास्तव गंभीर रूप से घायल हो गईं। मृतका कृतिलता सिंह आशा बहु थीं। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची गीडा पुलिस एवं परिजन ने तत्काल दोनों को



मेडिकल कॉलेज ले गई। जहां रेनू श्रीवास्तव का उपचार चल रहा है। मृतका की बॉडी को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। मृतका कृतिलता अपने पीछे पुत्री मुस्कान (18) एवं पुत्र आदित्य सिंह (15) को छोड़ गई हैं। परिजन का रो रोकर बुरा हाल है।

## अयोध्या श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट का स्थाई कार्यालय बनकर तैयार

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।धार्मिक अनुष्ठान के साथ उद्घाटन समारोह शुरू। अयोध्या राम मंदिर निर्माण का कार्य जोरों पर चल रहा है वहीं श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रामकोट मोहल्ले में अपना नवीन आवासीय भवन निर्मित कराया है। भवन के प्रवेश का पूजन शुरू हो चुका है, पूजन में यजमान के रूप में दृष्टि अनिल मिश्रा का पत्नी पूजा–पाठ किया। इस पूजन में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और सभी ट्रस्टी मौजूद रहे। 2024 में रामलला गर्भ ग्रह में विराजमान हो जाएंगे और आम श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मंदिर खोल दिया जाएगा । इसी लिहाज से मंदिर की डेट लेट के लिए ट्रस्ट ने भवन का निर्माण करवाया है।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।